जोधपुर का कागल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अब उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत

चर्चा में क्यों?

28 दिसिंबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर ज़िले की ग्राम पंचायत कागल पीपाड़ शहर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किये जाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री की इस मंज़ूरी से ग्राम पंचायत कागल के साथ आसपास के गाँवों के विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिये गाँव से दूर रतकुडिया अथवा भुंडाना गाँव नहीं जाना पड़ेगा।
- गौरतलब है कि प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार हुआ है। इसके फलस्वरूप वर्ष 2018 की तुलना में राज्य में 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों का सरकारी स्कूलों में नामांकन लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा है।
- इस कारण राजकीय स्कूलों को निरंतर अपग्रेड करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गहलोत सरकार ने वर्ष 2022-23 के बजट में राज्य के समस्त 3 हज़ार 820 सेकेंडरी विद्यालयों को सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों में क्रमोन्नत किये जाने की घोषणा की थी।
- इसके अलावा प्रदेश के ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण एवं विकास के लिये ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर स्थित प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों को सीधे सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार एवं यथा आवश्यकता क्रमोन्नत किये जाने की भी घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kagal-government-upper-primary-school-in-jodhpur-now-upgraded-to-higher-secondary-school